# UNIVERSITY NEWS 16 OCTOBER 2026

HINDUSTAN

## एलयू का यूडीआरसी पोर्टल आज और कल बंद रहेगा

**प्रक्रिया**

**लखनऊ,प्रमुख संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय का यूडीआरसी पोर्टल सर्वर के नियमित रखरखाव के चलते 16 अक्तूबर से 17 अक्तूबर 2026 तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इस दौरान छात्रों को पोर्टल से संबंधित ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, पोर्टल 16 अक्तूबर को दोपहर 3 बजे से 17 अक्तूबर को दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा। निर्धारित समय के अनुसार, 17 अक्तूबर को दोपहर 1 बजे तक पोर्टल की सेवाएं बहाल होने की उम्मीद है। हालांकि, रखरखाव का कार्य समय से पहले पूरा होने पर सेवाएं पहले भी शुरू की जा सकती हैं।

**फीस भुगतान समेत जरूरी काम पहले निपटाएं:** विश्वविद्यालय ने छात्रों को सलाह दी है कि वे फीस भुगतान और अन्य जरूरी ऑनलाइन कार्य 16 अक्तूबर को दोपहर 3 बजे से पहले पूरे कर लें, ताकि पोर्टल बंद रहने के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। छात्रों को अपने महत्वपूर्ण ऑनलाइन कार्यों को समय पर निपटाने की सलाह दी गई है।

**प्रो. वरुण छात्कर संवैधानिक विधि में देश में 16वें स्थान पर:** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रोफेसर डॉ. वरुण छात्कर ने एडी साइंटिफिक इंडेक्स-2026 की रैंकिंग में उपलब्धि हासिल की है। उन्हें संवैधानिक विधि में भारत में 16वां और एशिया में 129वां स्थान मिला है।

### 12 घंटे खुलेंगे टैगोर लाइब्रेरी के वाचन कक्ष

आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए टैगोर पुस्तकालय के वाचन कक्ष कल से सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। इस व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए लगातार 12 घंटे का समय मिलेगा। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की अध्ययन संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है।

### ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे पर जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे के अवसर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हाथों की स्वच्छता के महत्व और बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता, रिकट (लघु नाटिका) समेत आयोजन हुए।

AMRIT VICHAR

## मिशन शक्ति : छात्राओं को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

• लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में पुलिस महानिदेशालय के तत्वावधान में मिशन शक्ति फेज-6 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में छात्राओं का सम्मानित किया गया। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए ऐसा सुरक्षित और सशक्त वातावरण तैयार करना है, जिसमें वे आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा, करियर तथा जीवन से जुड़े निर्णय ले सकें। कार्यक्रम में डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर भी विशेष बल दिया गया। डॉ. रक्षित टंडन ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मिशन शक्ति के पूर्ववर्ती चरणों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान रहा। एडीसीपी किरण यादव ने विद्यार्थियों को उनके परिश्रम, समर्पण और महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में प्रतीक मिश्रा, अंकित यादव, मनीषा जोशी, अभिन्न श्याम, प्रथमेश प्रियंश अग्रवाल, स्निग्धा सिंह, दिव्यांश, हसन, कविंद माथुर, बाबुल, प्रिया देवरा, प्रशांत सोनकर, ज्योति शुक्ला, सचिन सिंह, संध्या, शिरीन, शुभा त्रिपाठी, अभिनव तिवारी, जान्हवी, शिवानी, दिव्या एवं आर्यकी चतुर्वेदी शामिल रहे।

AMRIT VICHAR

## गंगा और अरावली में आज खिताबी मुकाबला

**एलयू कप क्रिकेट**

■ **लखनऊ, अमृत विचार :** एलयू कप अंतर-महाविद्यालयीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में शुक्रवार को एलयू गंगा और एलयू अरावली की टीमें आमने-सामने होंगी। गुरुवार को परांजपे पवेलियन मैदान पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों टीमों ने जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में एलयू गंगा ने शानदार खेल दिखाते हुए एलयू चीता को 34 रन से पराजित किया। गंगा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 159 रन बनाए। इसके जवाब में एलयू चीता की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 125 रन ही बना सकी। इस तरह गंगा ने 34 रन से जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट पक्का किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में एलयू अरावली ने एवरेस्ट को 25 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अरावली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एवरेस्ट के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एवरेस्ट की टीम निर्धारित लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। अब टूर्नामेंट के खिताब के लिए एलयू गंगा और एलयू अरावली के बीच मुकाबला होगा। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य के अनुसार, फाइनल शुक्रवार सुबह परांजपे पवेलियन मैदान पर खेला जाएगा।

### बास्केटबॉल में नीलिमा घोष हाउस विजेता

**इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता**

■ **लखनऊ, अमृत विचार :** लविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बास्केटबॉल इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता का फाइनल बास्केटबॉल कोर्ट पर हुआ। इसमें नीलिमा घोष हाउस ने अमृता कौर हाउस को 54-51 के अंतर से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश सैनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. शशि कनौजिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। फाइनल मुकाबला में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और निर्धारित समय के अंत में स्कोर 42-42 से बराबर रहा। मुकाबले का फैसला करने के लिए 5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन नीलिमा घोष हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 54-51 से मुकाबला जीत लिया और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

### प्रो. वरुण छात्कर देश में 16वें स्थान पर



**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रोफेसर डॉ. वरुण छात्कर ने अंतरराष्ट्रीय अकादमिक रैंकिंग में उपलब्धि हासिल की है। एडी साइंटिफिक इंडेक्स-2026 में उन्हें संवैधानिक विधि के क्षेत्र में भारत में 16वां और एशिया में 129वां स्थान मिला है। विश्वविद्यालय में वे विधि और संवैधानिक विधि, दोनों श्रेणियों में पहले स्थान पर हैं। इंडेक्स के अनुसार, संवैधानिक विधि में उनका वैश्विक स्थान 676वां है, जबकि विधि की व्यापक श्रेणी में उन्हें देश में 494वां स्थान मिला है। यह रैंकिंग शोध प्रकाशनों, एच-इंडेक्स, आई-10 इंडेक्स और उद्धरणों के आधार पर तैयार की जाती है। विधि संकाय के शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई दी। उम्मीद जताई कि उनकी सफलता युवा शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शोध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक योगदान के लिए प्रेरित करेगी।

TIMES OF INDIA

## LU extends library hours ahead of exams

**Lucknow:** Lucknow University will extend the operating hours of Tagore Library reading rooms from Oct 17, allowing students to study from 8am to 8pm ahead of the upcoming semester examinations. Earlier the timings were from 10 am to 5 pm. The university has also upgraded its Cyber Library with a dedicated 1 Gbps fibre-optic connection and eight new Wi-Fi access points to improve internet connectivity.

Librarian Prof Roli Mishra said, "Better high-speed internet connectivity and extended reading room hours ahead of the examinations will greatly benefit library users. Students and research scholars will have quicker access to e-resources, online databases and national and international academic journals, along with adequate time to prepare for their examinations." TNN

## LU prof ranks 16th in nation in constitutional law



**Lucknow:** Lucknow University law professor **Varun Chhachhar** has secured a place among India's leading academics in constitutional law, ranking 16th nationally and 129th in Asia in the AD Scientific Index 2026. The AD Scientific Index evaluates researchers based on their research publications and citation records, using parameters such as the H-index, i10-index and total citations.

According to the report, 14 of his 16 citations came in recent years. Chhachhar has been engaged in teaching and research in the field. Researchers at the faculty of law said he has consistently encouraged students to focus on academic discipline, research writing and quality publications. A total of 151 LU researchers have been included in the AD Scientific Index. TNN

AMAR UJALA

## प्रो. वरुण का सांविधानिक विधि में 16वां स्थान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रो. वरुण छात्कर को एडी साइंटिफिक इंडेक्स-2026 में उन्हें सांविधानिक विधि में देश में 16वां और एशिया में 129वां स्थान मिला है। विवि में वह विधि और सांविधानिक विधि, दोनों श्रेणियों में पहले स्थान पर हैं। इंडेक्स के अनुसार, सांविधानिक विधि में प्रो. छात्कर की वैश्विक रैंक 676वीं है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## मूक्स केंद्र की निदेशक बनीं प्रो. किरण लता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षा शास्त्र विभाग की आचार्य प्रो. किरण लता डंगवाल को सेंटर ऑफ मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज (मूक्स) का निदेशक नामित किया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से आदेश जारी किया गया है। वह केंद्र के संचालन और समन्वय का कार्य देखेंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि के साइबर लाइब्रेरी में बढ़ी इंटरनेट की स्पीड

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की साइबर लाइब्रेरी में अब विद्यार्थियों को हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। इसके लिए कंप्यूटर सेंटर से लाइब्रेरी तक एक जीबीपीएस की फाइबर-ऑप्टिक लाइन बिछाई गई है। साथ ही आठ नए वाई-फाई-6 एक्सेस पॉइंट लगाए गए हैं। इससे हर सिस्टम को 250 से 300 एमबीपीएस तक बैंडविड्थ मिल सकेगी। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के अनुसार, इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पढ़ाई में सहूलियत होगी। विवि की आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं को देखते हुए टैगोर पुस्तकालय के वाचन कक्षों का समय भी बढ़ाया गया है। 17 अक्तूबर से वाचन कक्ष सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक खुले रहेंगे। कंप्यूटर सेंटर के प्रभारी प्रो. पुनीत मिश्रा ने इसे डिजिटल सुविधाओं को मजबूत करने की पहल बताया। मानद पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. रोली मिश्रा के अनुसार, बेहतर इंटरनेट और वाचन कक्षों के विस्तारित समय से विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधार्थियों को लाभ मिलेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

## एलयू में सम्मानित की गईं छात्राएं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पुलिस महानिदेशालय के तत्वावधान में मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, साइबर खतरों के बारे में बताया।

NBT

## पोस्टर से समझाया हाथ धोने क्यों जरूरी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी के शिक्षा शास्त्र विभाग में गुरुवार को 'ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे' पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें पोस्टर प्रतियोगिता और लघु नाटिका के जरिए विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता व संक्रमण से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही साबुन से सही तरीके से हाथ धोने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समन्वयक डॉ. संजय सिंह यादव रहे। मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. श्रवण कुमार, प्रो. दिनेश कुमार सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## LU का यूडीआरसी पोर्टल रहेगा बंद

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी का यूडीआरसी (UDRC) पोर्टल सर्वर के नियमित रखरखाव के चलते शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से शनिवार को दोपहर 1 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। विवि की ओर से गुरुवार को जारी सूचना में छात्रों को इसकी जानकारी दी गई है। एलयू प्रशासन के मुताबिक, पोर्टल 17 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे तक दोबारा पूरी तरह काम करने लगेगा। हालांकि, रखरखाव का काम तय समय से पहले पूरा होने पर ऑनलाइन सेवाएं पहले भी बहाल की जा सकती हैं।

एलयू प्रशासन ने छात्रों को सलाह दी है कि वे फीस जमा करने समेत पोर्टल से जुड़े जरूरी ऑनलाइन काम शुक्रवार दोपहर 3 बजे से पहले पूरा कर लें।

HINDUSTAN

## एलयू गंगा, अरावली में खिताबी भिड़ंत आज

**लखनऊ।** एलयू कप अंतर-महाविद्यालयीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एलयू गंगा और एलयू अरावली ने दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुरुवार को परांजपे पवेलियन मैदान पर सेमीफाइनल में गंगा ने चीता को 34 रन और अरावली ने एवरेस्ट को 25 रन से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। पहले सेमीफाइनल में एलयू गंगा ने 20 ओवर में 159 रन बनाए। जवाब में एलयू चीता की टीम 125 रन ही बना सकी।

## लविवि और इंटीग्रल विश्वविद्यालय की जीत

**लखनऊ।** नॉर्थ जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में मेजबान इंटीग्रल विवि और लखनऊ विश्वविद्यालय की टीमों ने जीत के साथ शुरुआत की। इंटीग्रल विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार से शुरू छह दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन 11 विश्वविद्यालयों की टीमों ने मुकाबले जीते।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने किया। बुंदेलखंड विवि झांसी, छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर देव संस्कृति विश्वविद्यालय, आईआईएमटी विवि मेरठ, एसजीएस ट्रे सेंटेनरी । विवि, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि, एमडीसी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेरठ, जम्मू विश्वविद्यालय और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा को भी जीत मिली। इस दौरान इंटीग्रल विवि की अपर प्रो-चांसलर डॉ. निदा फातिमा, अपर प्रो-चांसलर सैयद अदनान अख्तर, कुलपति प्रो. फुरकान कमर, कुलसचिव प्रो. मो. हारिस सिद्दीकी, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) की पर्यवेक्षक डॉ. रीना पूनिया मौजूद रहीं। (संवाद)

AMAR UJALA

## एलयू गंगा और एलयू अरावली फाइनल में

**लखनऊ।** एलयू गंगा और एलयू अरावली ने एलयू कप अंतर-महाविद्यालयीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। परांजपे पवेलियन मैदान पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में गंगा ने एलयू चीता को 34 रन से हराया। अरावली ने एवरेस्ट टीम को 25 रन से शिकस्त दी। खिताबी मुकाबला शुक्रवार को होगा।

पहले सेमीफाइनल में एलयू गंगा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 159 रन बनाए। एलयू चीता की टीम 125 रन ही बना सकी। दूसरे सेमीफाइनल में एलयू अरावली ने 146 रन का लक्ष्य रखा। एवरेस्ट की टीम इसे हासिल नहीं कर सकी। (संवाद)

AMAR UJALA

## भय के कारण भी शिकायत नहीं कर पातीं महिलाएं

माई सिटी रिपोर्टर



लविवि में हुए कार्यक्रम में एडीसीपी क्राइम किरण यादव ने महिला सशक्तीकरण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित। अमृत विचार/संवाददाता

**लखनऊ।** महिला सुरक्षा के लिए कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। साथ ही उन मामलों की पहचान भी आवश्यक है, जिनमें महिलाएं भय और सामाजिक दबाव के कारण शिकायत दर्ज नहीं करा पाती हैं। यह बात बृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति फेज-6 के तहत आयोजित छात्राओं के सम्मान समारोह में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की अध्यक्ष एवं वूमेन स्टडीज विभाग की प्रमुख प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने कही।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा की वास्तविक चुनौती उन मामलों तक पहुंचना है, जिनकी शिकायत ही नहीं होती। ऐसे मामलों में समय रहते हस्तक्षेप करना जरूरी है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के पिछले चरणों में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले 22 विद्यार्थियों को लखनऊ कमिश्नरेट की एडीसीपी क्राइम किरण यादव ने सम्मानित किया गया।

■ **साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक :** साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान और साइबर उत्पीड़न की शिकायत करने के बारे में जानकारी दी। लविवि की मिशन शक्ति नोडल अधिकारी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ वूमेन एंड जेंडर स्टडीज की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने पुलिस मुख्यालय से विश्वविद्यालय स्तर पर स्थानीय सूचना इकाई (एलआईयू) को सक्रिय करने का अनुरोध किया, ताकि संवेदित सूचनाएं समय पर सक्षम अधिकारियों तक पहुंच सकें।

सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में प्रतीक मिश्रा, अंकित यादव, मनीषा सोनकर, ज्योति शुक्ला, सचिन सिंह, जोशी, अभिन्न श्याम, प्रथमेश, प्रियंश संध्या, शिरीन, शुभा त्रिपाठी, अभिनव अग्रवाल, स्निग्धा सिंह, दिव्यांश, हसन, तिवारी, जान्हवी, शिवानी, दिव्या और कविंद माथुर, बाबुल, प्रिया देवरा, प्रशांत आर्यकी चतुर्वेदी शामिल रहे।

TIMES OF INDIA

## Mission Shakti Phase VI launched at LU

TIMES NEWS NETWORK



Experts at the event at LU on Thursday

**Lucknow:** Lucknow University on Thursday launched Phase VI of Mission Shakti with a cyber awareness workshop and student felicitation programme organised by the Institute of Women and Gender Studies (IWGS). The event was held under the leadership of vice-chancellor Prof Jai Prakash Saini and focused on women's safety, empowerment and digital security.

Cybersecurity expert Dr Rakshit Tandon addressed students on safe online practices, protection of personal data, cyber fraud, digital threats and mechanisms for reporting cyber harassment. He stressed the need for responsible digital behaviour and greater vigilance, particularly among women and youth.

A highlight of the programme was the felicitation of students who actively contributed to Mission Shakti activities during earlier phases. Kiran Yadav, ADCP (Crime), Lucknow Commissionerate, honoured the participants for their role in organising awareness programmes and promoting women's safety initiatives on campus.

Speaking on the occasion, Prof Anchal Srivastava, chairperson of the university's Internal Complaints Committee and head of the department of women's studies, said that while laws for women's protection were in place, their effective implementation and enforcement remained crucial.

Dr Manini Srivastava, nodal officer for Mission Shakti at the university and IWGS coordinator, highlighted the importance of such initiatives in building a gender-sensitive and crime-free society.

The programme concluded with a pledge to strengthen women's safety, promote gender sensitivity and carry the message of Mission Shakti beyond the university campus.

DAINIK JAGRAN

## एलयू गंगा व अरावली ने जीत संग फाइनल में बनाई जगह

**लखनऊ :** एलयू कप अंतर-महाविद्यालयीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में गुरुवार को एलयू गंगा और एलयू अरावली ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। गंगा ने एलयू चीता को 34 रन से, जबकि अरावली ने एलयू एवरेस्ट को 25 रन से हराया।

एलयू कैंपस में पहले बल्लेबाजी करते हुए गंगा ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन बनाए। व्योम गुप्ता ने 43 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। कप्तान आदित्य प्रताप सिंह ने 26 रन जोड़े। चीता की ओर से अंबरिल वर्मा ने चार और आदर्श एस. श्रीनेत ने दो विकेट लिए। जवाब में चीता की टीम 19.1 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। विजय रावत ने 27 रन बनाए। अमन वर्मा ने चार ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट लिए। प्रखर तिवारी ने दो व मोहम्मद हाशिम ने एक विकेट लिया। दूसरे सेमीफाइनल में अरावली ने नौ विकेट पर 146 रन बनाए। कप्तान आदि आदेश शुक्ला ने 32 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों के साथ 50 रन बनाए। शुभांकर रावत ने 24 और वात्सल्य श्रीवास्तव ने 17 रन जोड़े। वि.